nandgaon times april-04-3.qxd 4/3/2026 11:56 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शनिवार, 04 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 167, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

"बस्तर की यह नई पहचान आने वाली पीढ़ियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह क्षेत्र अब शांति, प्रगति और गौरव की राह पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हम कृतज्ञ हैं......

माँ दंतेश्वरी और जनजातीय नायक वीर गुण्डाधुर की यह धरती छत्तीसगढ़ 31 मार्च 2026 को माओवादी आतंक से मुक्त हुई है। हिंसक माओवादी विचारधारा ने न जाने कितनी माँओं की कोख उजाड़ दी, बहनों का सुहाग और मासूमों के सिर से पिता का साया छीन लिया। देश के लिए लड़ते हुए हजारों जवान शहीद हुए। दशकों से सशस्त्र माओवाद देश के विकास को खोखला करता रहा, वर्ष 2014 में आपके आशीर्वाद से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आई और दृढ़ संकल्प तथा सुनियोजित रणनीति के माध्यम से माओवादी हिंसा पर कठोर प्रहार किया गया। अनेक राज्य सशस्त्र माओवाद से मुक्त हुए लेकिन हमारी छत्तीसगढ़ महतारी और हमारे पड़ोसी राज्यों में यह नासूर बचा हुआ था। आपने पुनः आशीर्वाद दिया और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाई। पिछले ढाई सालों में आपकी सरकार ने सामूहिक संकल्प के बल पर इस सशस्त्र माओवादी नासूर को नष्ट कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं उन शहीद जवानों के प्रति, जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को माओवाद से मुक्ति दिलाई। हम कृतज्ञ है हमारे सुरक्षा बल के जवानों के प्रति, जिन्होंने साहस और संकल्प के साथ अपनी जान पर खेलकर माओवाद की जड़ पर कड़ा प्रहार करके उसका समूल नाश किया।

हम कृतज्ञ हैं बस्तर की जनता का, जिन्होंने माओवादी हिंसा को न केवल अस्वीकार किया अपितु उसके विरोध में खड़े हुए। मुझे आपका जज्बा याद आता है जब सशस्त्र माओवादियों द्वारा वोट देने पर ऊंगली काट देने की धमकी दी जाती थी, तब भी आप निर्भय होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करते थे। आपके मतदान से एक ऐसा नेतृत्व आया जिसने एक दशक के भीतर आंतरिक सुरक्षा के इस सबसे बड़े संकट को समाप्त कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साहसपूर्ण नेतृत्व के प्रति। मुझे याद है वर्ष 2015 में दंतेवाड़ा में उन्होंने अपनी सभा में हथियार उठाने वाले युवाओं से कहा था 'एक प्रयोग कीजिए, पांच दिन हथियार रख दीजिए, उस परिवार के बच्चे के साथ दिन गुजारिए जिसने आपकी वजह से अपने परिजनों को खोया है फिर आप कभी हिंसा के रास्ते में नहीं जाएंगे।'

प्रधानमंत्री जी ने हमेशा हमारा हौसला बढ़ाया, मार्गदर्शन किया है। उनके दृढ़ संकल्प की बदौलत देश माओवादी हिंसा से मुक्त हुआ है। हिमालय जैसी चुनौतियों से निपटने के उनके साहस ने हमें उत्साह से भर दिया और हमने यह असंभव जैसा लक्ष्य प्राप्त किया।

हम कृतज्ञ हैं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के , जो माओवादी नासूर को नष्ट करने के लिए बनायी गई रणनीति के शिल्पी हैं । रायपुर में पत्रकारों की भरी सभा में आपने देश से वायदा किया था कि 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करेंगे और इसे पूरा किया। आपने माओवादी आतंक को नष्ट करने के लक्ष्य पर नजर टिकाए रखी। हमारा नेतृत्व किया, संसाधन और मार्गदर्शन दिया। हमारे बहादुर जवानों के बीच पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया। आपने गोली का जवाब गोली से और बोली का जवाब बोली से देने का संदेश दिया। माओवादी हिंसा को छोड़कर जो शांति की राह पर लौटे, संविधान को अपनाया, उनका हमने स्वागत किया।

हम कृतज्ञ हैं प्रदेश की जनता के प्रति जो इस सुंदर धरती को सशस्त्र माओवाद से मुक्त कराने के रास्ते में सहभागी बनी, आपने हम पर विश्वास किया। विश्वास कीमती होता है, हमने इसकी रक्षा की है। बस्तर में बच्चे अब निर्भय होकर स्कूल जाएंगे, माताएं-बहनें आजादी की सांस लेंगी और हर तरफ विकास का उजाला फैलेगा।

अब कहीं रेड कॉरिडोर नहीं, हर तरफ ग्रीन कॉरिडोर है।

एक सुखद उज्ज्वल भविष्य की राह पर हम सब सहभागी बन अब आगे बढ़ेंगे।

जय भारत, जय छत्तीसगढ़

आपका **विष्णु देव साय** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

Samvad - 47391/145

निषाद समाज राजनांदगांव के बैठक 5 अप्रैल को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला निषादसमाज राजनांदगांव का मासिक बैठक 5 अप्रैल 2026 रविवार को प्रात: 10 बजे से जिला कार्यालय सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में आयोजित की गई है । समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद व उपाध्यक्ष लोकेश निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों के साथ समाज में विवाह के पहले लड़का-लड़की को सोशल मीडिया मोबाईल से बात-चीत पर प्रतिबंध लगाने पर चर्चा किया जायेगा । जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजी राम निषाद ने बैठक में समाज के सभी जिला क्षेत्रीय अध्यक्ष व पंचगहिया पदाधिकारियों व स्वजातीय बन्धुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की है।

तीन दिवसीय लोक मंडई में भारी जनसैलाब उमड़ा, आसपास के सैकड़ों लोगों ने सभी कार्यक्रमों का आनंद उठाया, देर रात तक दर्शकों की भारी भीड़,

तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)। तुमड़ीबोड़ में आयोजित तीन दिवसीय लोक मंडई कार्यक्रम का आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों हजार लोगों ने रात भर लोक मंडई में आयोजित हुए तरह तरह के कार्यक्रमों का आनंद उठाया, जिसमें मुख्य रूप से लोक गायन, भरथरी, नाटक, कॉमेडी, जस गायन एवं गीत, पंडवानी, पचरा, नाचा गम्मत, सुआ गीत, जोत ज्वारा, सहित छत्तीसगढ़ के सभी कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। तुमड़ीबोड़ में लोक मंडई आयोजन को लेकर लोगों को महीनों के इंतजार करने के बाद लोक मंडई के आयोजन के लिए तुमडीबोड को चुना गया , और इसकी तैयारी जोर शोर से शुरू की गई, इस बार की थीम भगवान जगन्नाथ मंदिर को चुना गया।

वन स्थायी समिति की बैठक संपन्न

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वनमंडल द्वारा दिनांक 02.04.2026 को वनमंडल कार्यालय,

कवर्धा के सभाकक्ष में वन स्थायी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार मेरावी (सभापति, वन स्थायी समिति), लोकचंद साहू (जिला पंचायत सदस्य), रूप सिंह धुर्वे (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि), श्री महेन्द्र धृतलहरे (जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा), श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे (जिला पंचायत सदस्य), श्रीमती ललिता रूप सिंह धुर्वे (जिला पंचायत सदस्य), निखिल अग्रवाल (वनमंडलाधिकारी, कवर्धा), अभिनव केशरवानी (उप वनमंडलाधिकारी, कवर्धा), सुयशधर दीवान (उप वनमंडलाधिकारी, पंडरिया), शिवेन्द्र भगत (उप वनमंडलाधिकारी, सहसपुर लोहारा), श्रीमती अनिता साहू (अधीक्षक, भोरमदेव अभ्यारण्य), कीर्तिवर्धन (संलग्नाधिकारी) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भगवा ध्वज केवल एक रंग नहीं ,यह त्याग,बलिदान, वीरता और धर्म की रक्षा का प्रतीक : संजय सिन्हा

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड के ग्राम गर्रापार में समस्त

ग्राम वासियों के सहयोग से बजरंग युवा समिति द्वारा आयोजित हनुमान जयंती बड़ी धूम धाम से मनाई गई । इस अवसर पर मुख्यरूप से आयोजन में शामिल हुए छुरिया जनपद पंचायत के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा,बालमुकुंद कुंजाम सभापति, नैनसिंह पटेल उपाध्यक्ष मंडल भाजपा छुरिया,चित्रांगन साहू,अजय साहू सरपंच गर्रापार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत पावन और गौरव का दिन है। हनुमान जयंती के इस शुभ अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा और भगवा ध्वज फहराने का यह कार्यक्रम हमारी आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के परम भक्त, अतुलनीय शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक पवनपुत्र हनुमान जी हमें सिखाते हैं कि जीवन में यदि सच्ची निष्ठा और समर्पण हो, तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है।

शुभांक

2-3-7

889-5 370-0

भाग्यांक

169-6 259-6

हनुमान जयंती पर रक्तदान शिविर सराहनीय, परंतु छुईखदान में रक्त बैंक अब तक शुरू नहीं- दान किया रक्त भेजना पड़ रहा बाहर

छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)। हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर निस्संदेह समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण रहा, जिसमें युवाओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस पहल की सराहना हर स्तर पर की जा रही है, लेकिन इस बीच एक महत्वपूर्ण सवाल भी सामने आया है—आखिर जब छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्त बैंक भवन तैयार हो चुका है, तो अब तक उसे शुरू क्यों नहीं किया गया?जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में रक्त बैंक का भवन पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन आवश्यक संसाधनों और प्रक्रियात्मक कारणों के चलते अब तक उसका संचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है। इसका सीधा असर यह हो रहा है कि क्षेत्र में आयोजित रक्तदान शिविरों में एकत्रित किया गया सारा रक्त राजनांदगांव जिला अस्पताल भेजना पड़ रहा है। हनुमान जयंती पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया, जो निश्चित रूप से प्रेरणादायक है। हालांकि, स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि छुईखदान में ही रक्त बैंक शुरू हो जाए, तो यह रक्त स्थानीय जरूरतमंद मरीजों के लिए तुरंत उपयोग में लाया जा सकता है।

बीएमओ डॉ. मनीष बघेल पक्षः

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल ने बताया कि छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्त बैंक भवन का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन आवश्यक उपकरण (इंस्ट्रूमेंट) और स्टोरेज व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी तक इसे शुरू नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि रक्त को सुरक्षित रखने के लिए विशेष प्रकार की मशीनें और स्टोरेज सिस्टम जरूरी होते हैं, जो फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। इसके साथ ही, रक्त बैंक संचालन के लिए प्रशिक्षित स्टाफ की भी आवश्यकता है, जिसकी नियुक्ति अभी तक नहीं हो पाई है। इस संबंध में शासन को पत्र भेजा जा चुका है।

सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि रक्त बैंक संचालन के लिए आवश्यक उपकरणों की मांग राज्य शासन को भेजी जा चुकी है और वहां से उपलब्धता होना बाकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ब्लड बैंक का लाइसेंस केंद्रीय स्तर (दिल्ली) से जारी होता है, जिसकी प्रक्रिया में कुछ समय लगता है। इसी कारण फिलहाल रक्त बैंक का संचालन शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होते ही इसे जल्द प्रारंभ किया जाएगा। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि तैयार भवन के बावजूद रक्त बैंक शुरू न होना चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आवश्यक संसाधनों और औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा कर रक्त बैंक को चालू किया जाए, ताकि क्षेत्र के मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और रक्तदान जैसे पुनीत कार्य का वास्तविक लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सके।

गांव-गांव पहुंचे विकास— यही है मेरा लक्ष्य : किरण रविन्द्र वैष्णव

क्षेत्र में विकास का नया अध्याय — किरण रविन्द्र वैष्णव ने किया 40 लाख रुपए के विकास कार्यों भूमिपूजन

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में आज विकास का नया अध्याय रचते हुए जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव की मुख्य उपस्थिति में गहिराभेड़ी, बेलरगोदी, अंतरगांव, झालाटोला और पाण्डेटोला ग्रामों में एक साथ कई महत्वपूर्ण जनसुविधा और सामुदायिक कार्यों का सामूहिक भव्य भूमिपूजन किया गया। इन कार्यक्रमों में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा, किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष श्री हिरेन्द्र साहू ,जिला भाजपा पूर्व महामंत्री श्री रविन्द्र वैष्णव, भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, जनपद सदस्य श्रीमती चंदिका वर्मा, भाजपा मंडल गैंदाटोला उपाध्यक्ष कुमार साय साहू, भाजपा मंडल छुरिया उपाध्यक्ष नैन सिंह पटेल, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी श्री शिशुपाल साहू, श्री अश्विनी कलीयारी, सरपंच गहिराभेड़ी श्रीमती बेद बाई पोर्ते, आलोक मिश्रा सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक, श्री दिलीप साहू, श्री ज्ञानचंद साहू, श्री देवेंद्र साहू, श्री डालदास साहू , श्री

आदली साहू ,श्री सुरेश साहू ,श्री दिलीप साहू , श्रीमती खुशबू साहू सरपंच आतरगांव, सोनम मरावी सरपंच बेलरगोदी, श्री कीर्तन साहू सरपंच पांडेटोला, श्री नकुल नेताम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष,विष्णु साहू संतोष धनगावी,सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। एक साथ जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ उनमें गहिराभेड़ी में यात्री प्रतीक्षालय एवं कर्मा भवन में टाइल्स कार्य, बेलरगोदी में महिला भवन निर्माण, अंतरगांव में यात्री प्रतीक्षालय, बोर खनन एवं सामुदायिक भवन में टाइल्स कार्य, झालाटोला में कर्मा भवन में टाइल्स कार्य तथा पाण्डेटोला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण शामिल है। इन सभी कार्यों के पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा, सामुदायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय निवासियों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की निरंतरता यह दर्शाती है कि हमारा लक्ष्य हर गांव को सुविधाओं से सशक्त बनाना है। योजनाओं को धरातल तक पहुंचाकर हम ग्रामीण विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और आने वाले समय में विकास की गति और अधिक तेज होगी। ग्रामीणों ने इन विकास सौगातों को क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण नजर आया। एक साथ हुए इन भव्य विकास कार्यक्रमों ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में नई ऊर्जा, नई उम्मीद और नए आत्मविश्वास का संचार किया है।

मूंदगांव में पीड़ित परिवार को श्री जैन ने राशन सामग्री और नगद राशि देकर की मदद

तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)। समीपस्थ ग्राम मूंदगांव में गैस सिलेंडर फटने से हुई भीषण घटना की खबर पाकर तुमडीबोड़ के

समाजसेवी एवं जैन हार्डवेयर के संचालक पुखराज जैन ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिवार के सदस्यों को इस दुख की घड़ी में ढाढस बंधाया एवं गहरा दुख व्यक्त किया है ।सिलेंडर फटने से घर में लगी आग की सूचना मिलते ही श्री जैन ने मूंदगांव में पीड़ित के घर पहुंचकर मौके पर स्थिति का जायजा लिया इस हादसे में पीड़ित परिवार का पूरा घर जलकर खाक हो गया जिससे मकान मालिक ओमप्रकाश यादव आग में झुलस कर घायल हो गए हैं, पड़ोसी नारायण वर्मा भी ऊपर से गिरकर उनका हाथ भी झुलस गया है,जिनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना श्री जैन ने की है। इस दुख की घड़ी में जैन हार्डवेयर के संचालक समाजसेवी पुखराज जैन टाइगर क्लब और व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन नयन जैन और मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा ने पीड़ित परिवार के घर जाकर दैनिक उपयोग का सामान ,राशन सामग्री, और नगद राशि देकर पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान की है। पीड़ित परिवार ने शासन से शीघ्र ही उचित मुआवजे और सहायता की मांग की है ताकि बारिश से पहले उनको रहने के लिए व्यवस्था मिल सके।

ग्राम भेजराटोला में हनुमान जन्मोत्सव व कला मंच लोकार्पण संपन्न, विधायक भोलाराम साहू रहे मुख्य अतिथि

खुज्जी (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत गोपालपुर अंतर्गत ग्राम भेजराटोला में गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 को हनुमान जन्मोत्सव एवं कला मंच लोकार्पण कार्यक्रम हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ, हवन एवं आरती के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय भोलाराम साहू जी उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने कला मंच का लोकार्पण किया, जो ग्राम में सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देने का कार्य करेगा। अपने संबोधन में विधायक श्री साहू ने ग्रामवासियों की एकजुटता एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता पर सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा बालिका मानस मंडली पुर्रामटोला द्वारा प्रस्तुत रामायण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर राजकुमारी सिन्हा (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, छुरिया), राजकुमार सिन्हा (महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी), मनोज सिन्हा (पूर्व सदस्य, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग), प्रताप सिंह घावड़े (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा), मदन नेताम (समाजसेवी), श्रीमती रोशनी ठाकुर (सरपंच, ग्राम पंचायत गोपालपुर), जितेन्द्र मंडावी (ग्राम पटेल) सहित पंचगण एवं ग्राम के प्रमुख नागरिकों—सहदेव कुंजाम, जयंतीबाई मंडावी, निर्मलाबाई मंडावी, देवसिंग उइके, दसरथ कोर्राम, घसिया यादव, पूर्णिमा नेताम, पार्वती बाई कुंजाम—की गरिमामयी उपस्थिति रही।

गुपचुप प्रमोशन पर बवालः नियम ताक पर, गबन के आरोपी कर्मचारी को फायदा देने की कोशिश?

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव जिले की एक सेवा सहकारी समिति में कर्मचारी पदोन्नति को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, कर्मचारी सेवा नियम 2018 की खुलेआम अनदेखी कर एक विवादित कर्मचारी को प्रमोशन देने की कोशिश की गई है, जिससे पूरे सहकारिता तंत्र में हड़कंप मच गया है।

शिकायत रायपुर से दुर्ग तक पहुंची, अब बैकडेट में प्रस्ताव निरस्त करने की तैयारी—सूत्र

नियमों के अनुसार, किसी भी कर्मचारी की पदोन्नति से पहले कमेटी के सभी सदस्यों को कम से कम 7 दिन पहले सूचना देना अनिवार्य होता है, साथ ही निर्धारित तिथि और समय पर विधिवत बैठक आयोजित कर निर्णय लिया जाता है। लेकिन इस मामले में न तो समय पर सूचना दी गई और न ही पूर्ण कमेटी की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। बताया जा रहा है कि जारी किए गए दस्तावेज में केवल दो सदस्यों के हस्ताक्षर हैं, जबकि सहकारिता विस्तार अधिकारी, केंद्रीय सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर और समिति प्रबंधक जैसे महत्वपूर्ण सदस्यों के हस्ताक्षर गायब हैं। इससे पूरी प्रक्रिया की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस कर्मचारी को प्रमोशन देने की प्रक्रिया अपनाई गई, वह पहले किसानों के 8-10 खातों से राशि गबन करने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। बाद में बहाली होने के बावजूद उसके खिलाफ बम्हनी-चारभाटा सोसाइटी में जांच रिपोर्ट उपलब्ध बताई जा रही है। सूत्रों का दावा है कि उप आयुक्त सहकारी समितियां राजनांदगांव के अधिकारी द्वारा जल्दबाजी में कार्रवाई पंजी में एंट्री करवा कर प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी कराई गई और अब संबंधित अधिकारियों पर हस्ताक्षर के लिए दबाव बनाया जा रहा है। मामले की शिकायत रायपुर मंत्रालय, पंजीयक कार्यालय और संयुक्त पंजीयक कार्यालय दुर्ग तक पहुंच चुकी है। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि बढ़ते विवाद और जांच की आशंका के चलते संबंधित अधिकारी अब इस प्रस्ताव को बैकडेट में निरस्त करने की तैयारी में हैं। अगर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होती है, तो सहकारिता विभाग में बड़ा प्रशासनिक भूचाल आ सकता है ।

जर्जर बिजली पोलों पर प्रशासन की लापरवाही उजागर, अभिमन्यु मिश्रा और संदीप सोनी ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा एवं ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी के संयुक्त नेतृत्व में लखोली क्षेत्र के युवा रहवासियों के साथ बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता कौशलेंद्र पांडे से मुलाकात कर क्षेत्र में व्याप्त गंभीर विद्युत समस्याओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि लखोली क्षेत्र में एक बिजली पोल अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में है, जो लगातार हिल रहा है और किसी भी समय गिर सकता है। यह स्थिति सीधे तौर पर आम नागरिकों की जान-माल के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या की शिकायत क्षेत्रवासियों द्वारा पूर्व में भी कई बार की जा चुकी है, संदीप सोनी द्वारा स्वयं पहले भी शिकायत की गई थी, बावजूद इसके संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों ने इसे पूरी तरह नजरअंदाज किया ठेकेदार संतोष देवांगन द्वारा लगभग तीन हफ्ते पहले जायजा ले कर यह बात स्वलीकारी कि इसे बदलना पड़ेगा । अभिमन्यु उदय मिश्रा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक पोल का मामला नहीं है, बल्कि पूरे शहर में ऐसे कई जर्जर और क्षतिग्रस्त बिजली पोल खड़े हैं, जो प्रशासन की लापरवाही और उदासीनता का जीता-जागता प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इन पोलों को नहीं बदला गया, तो कोई बड़ा हादसा होना तय है और उसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी। उन्होंने मांग की कि तत्काल प्रभाव से पूरे शहर का व्यापक सर्वे कराया जाए और सभी खतरनाक एवं जर्जर पोलों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जाए। साथ ही संबंधित ठेकेदारों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान स्थानीय युवाओं एवं क्षेत्रवासियों ने भी अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं । ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो युवा कांग्रेस के साथियों एवं स्थानीय जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन, घेराव और सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार,
राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रखर कुमार श्रीवास्तव पिता श्री देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव निवासी वार्ड नं. 19 गली नंबर 04 न्यू खण्डेलवाल कॉलोनी ममता नगर तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा साहूकारी अधिनियम 1934 (इ) के 13 वे दफा 11-बी (1) के तहत साहूकारी लायसेंस प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्ताशय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 16/4/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 2/4/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

ज़ारी दिनॉक :- 2/4/2026
पेशी दिनॉक :- 16/4/2026

सील

तहसीलदार
राजनांदगाँव

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

राजनांदगांव वनमंडल, राजनांदगांव (छ.ग.) कार्या. - 225059

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल के चिरचारी काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ/बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेंवे। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

चिरचारी काष्ठागार, नीलाम दिनांक :- 13.04.2026 समय:- 9.00 बजे प्रातः

काष्ठागार का नाम :- चिरचारी, वनमण्डल :- राजनांदगांव

क्र.	प्रजाति	नये वनोपज		पुराने वनोपज		योग	
		ईमारती घ.मी.	बल्ली/डे.नग	ईमारती घ.मी.	बल्ली/डे.नग	ईमारती घ.मी.	बल्ली/डे.नग
1	सागौन	33.564	173	375.206	6174	408.770	6347
2	साजा	9.459	134	69.499	91	78.958	225
3	बीजा	43.946	133	343.618	4476	387.564	4609
4	ह.मु.प्र.	0.321	2	9.054	4	9.375	6
5	धावड़ा	6.478	197	58.855	1419	65.333	1616
6	भिरहा	6.209	0	0	0	6.209	0
7	तिन्सा	0	0	6.788	55	6.788	55
8	धामन	0.282	0	0	0	0.282	0
9	कर्रा	23.677	2485	14.268	78	37.945	2563
10	कसही	0	0	41.942	17	41.942	17
11	अन्य	15.692	528	14.924	194	30.618	722
	योग	139.628	3652	934.154	12508	1073.784	16160
	1. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 159 चट्टा नया						
	2. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 216 चट्टा पुराना						
	3. आमगांव डिपो डोंगरगांव का मिश्रित जलाऊ 275 चट्टा नया						

(1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।

(3) लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।

(4) ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी- 262700030

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल, राजनांदगांव

ज्ञान मंथन

1) राजस्थान में शौर्य वन का उद्घाटन कहाँ हुआ था?
2) किस राज्य सरकार को शासन आपल्या दारी पहल के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार मिला?
3) समाचारों में देखी गई पेरिंगम्मला पंचायत किस राज्य में स्थित है?
4) जूपिटर मनी को प्रीपेड वॉलेट बिजनेस शुरू करने के लिए किससे मंजूरी मिली है?
5) हाल ही में समाचारों में चर्चा में रही च्यनामा रोगज् मुख्य रूप से किस फसल को प्रभावित करता है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) जैसलमेर (2) महाराष्ट्र (3) केरल (4) भारतीय रिजर्व बैंक (5) केला

महिला द्वारा नाबालिग बालक के साथ अनाचार, पोक्सो अधिनियम के तहत कार्यवाही महिला के खिलाफ अपराध दर्ज

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम जिले में सनसनीखेज एवं चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें महिला के विरुद्ध नाबालिग बालक के साथ अनाचार किए जाने का अपराध दर्ज किया गया है।. पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में कबीरधाम पुलिस द्वारा मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की गई है। थाना कोतवाली कबीरधाम में अपराध क्रमांक 123/2026 धारा 04 पोक्सो अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक महिला से उसका परिचय हुआ, जिसके पश्चात बातचीत एवं मुलाकात का क्रम प्रारंभ हुआ एवं दोस्ती हुई। बाद में दिनांक 01/03/2026 को आरोपी महिला द्वारा नाबालिग को भोरमदेव रोड स्थित भुनेश्वर होटल

बुलाया गया, जहां उसे भावनात्मक दबाव एवं मानसिक प्रलोभन में देकर उसके साथ अनाचार की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के पश्चात आरोपी द्वारा प्रार्थी को डराया-धमकाया गया, जिससे वह मानसिक दबाव में आ गया और तत्काल शिकायत दर्ज नहीं करा सका। बाद में हिम्मत जुटाकर प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिस पर कबीरधाम पुलिस ने बिना विलंब किए अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। प्रकरण में पोक्सो अधिनियम के तहत सख्त वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप, उप निरीक्षक दिव्या शर्मा एवं थाना कोतवाली की टीम का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले संपर्कों में सतर्कता बरतें तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना या उत्पीड़न की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य अभियंता ने जिले में सड़क निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

पदमराज सिंह ठाकुर

क़बीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। जिले में सड़क निर्माण और संधारण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर के मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समीक्षक श्री हरिओम शर्मा ने कवर्धा जिले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न मार्गों पर चल रहे कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई। मुख्य अभियंता ने घुघरी-कोटार, घुघरीकला-पिपरिया, मेनरोड से पालीगुड़ा तथा टी-01 रामपुर एमडीआर से कोहडिया मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़कों के संधारण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए और उपस्थित सहायक एवं उप अभियंताओं को कार्य में तेजी लाने के लिए सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत पालीगुड़ा में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया गया।

यहां कोर कटिंग सैंपल लेकर गुणवत्ता परीक्षण किया गया। साथ ही निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड निर्धारित मानकों के अनुरूप लगाने के निर्देश दिए गए। मुख्य अभियंता ने नवापारा डांगपुर से मोहगट्टा सड़क का निरीक्षण करते हुए सड़क की खुदाई कर गुणवत्ता की जांच की, जिसमें कार्य संतोषजनक पाया गया। कुछ स्थानों पर संधारण कार्य में देरी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने निर्देशित किया कि जिन सड़कों का संधारण निर्धारित समय में नहीं होगा, उनकी अवधि छह माह तक बढ़ाई जाएगी, लेकिन गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को प्रगतिरत कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता सुरेन्द्र पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शासकीय अस्पताल पंडरिया में शांति भंग करने वाले आरोपियों पर त्वरित कार्यवाही

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। थाना पंडरिया की टीम की सजगता से अस्पताल परिसर में शांति व्यवस्था भंग करने वाले आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल दिनांक 01/04/2026 एवं 02/04/2026 की मध्य रात्रि थाना पंडरिया क्षेत्रांतर्गत शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ड्यूटी में तैनात डॉक्टर एवं स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज एवं मारपीट किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री (रा.पु.से.) के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना पंडरिया द्वारा तत्काल मौके पर

पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करते हुए अस्पताल परिसर में शांति व्यवस्था स्थापित की गई। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपीगण दिनेश जोगी, कमल पाटले, देवकुमार टंडन एवं जितेंद्र बंजारे द्वारा ड्यूटी के दौरान शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए डॉक्टर एवं स्टाफ के साथ अभद्रता, गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। थाना पंडरिया द्वारा तत्परता से सभी आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। आरोपीगण के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अपराध की प्रकृति अजमानतीय होने से आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उल्लेखनीय है कि आरोपीगण पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। कबीरधाम पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शासकीय सेवाओं में बाधा उत्पन्न करने एवं चिकित्सा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

छ.ग. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी एवं संगठन मंत्री गैंदू जी की अनुशंसा पर हेमंत ओस्तवाल का निष्कासन समाप्त

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री

मलकीत सिंह गैंदू जी के एवं राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार जी की अनुशंसा पर राजनांदगांव शहर के पूर्व कांग्रेस पार्षद हेमंत ओस्तवाल का निलंबन निरस्त किया गया इसके लिये हेमंत ओस्तवाल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री मलकीत सिंह गैंदू जी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार जी सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का आभार व्यक्त किया कि मुझे पिछले लगभग 03 वर्षों से जो मेरा निष्कासन कांग्रेस से किया गया था उसे निरस्त करते हुए मुझे कांग्रेस पार्टी एवं जनहित की सेवा और संगठन को मजबूत करने हेतु मेरा निष्कासन दिनांक 02.04.2026 को भगवान महावीर हनुमान जयंती के दिन मेरा निष्काषन समाप्ति का आदेश की छायाप्रति शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार जी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मामराज जी, अग्रवाल दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पंजवानी जी, शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष राकेश जोशी के द्वारा मेरा निष्काषन संबंधित आदेश सहित कांग्रेस का तिरंगा गमछा पहनाकर मेरे निज निवास में आकर जो मुझे सम्मान दिया ।

निधन

प्रियेश सिन्हा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी वार्ड कं 39 के पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रवि सिन्हा के 31 वर्षीय सुपुत्र प्रियेश सिन्हा का आज बेंगलुरु में आकस्मिक निधन हो गया । रामरतन सिन्हा के पोते और राकेश सिन्हा के भतीजे प्रियेश सिन्हा ए आई के प्रशिक्षित ज्ञाता के रूप मे बैगलोर मे निजी कम्पनी मे सेवारत थे। 31 वर्षीय प्रियेश के आकस्मिक निधन से समाज एवं शहर मे शोक की लहर छा गई। युगान्तर स्कूल मे अध्ययन करने वाला प्रियेश शुरू से मेधावी था, बाद मे प्रियेश लम्बे समय से बैगलोर मे अपनी सेवाएं दे रहा था। प्रियेश की अंतिम यात्रा आज 4 अप्रैल को हीरामोती लाइन स्थित उनके निज निवास से सुबह 9 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम जाएगी।

निगम के 2 सेवानिवृत्त कर्मचारियो को आयुक्त की उपस्थिति में दी गई भावभीनी बिदाई

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 2 कर्मचारी क्रमशः मोटर प्रतिपालन विभाग में कार्यरत भृत्य श्री रेखा लाल साहू तथा स्वास्थ्य विभाग मे कार्यरत सफाई कामगार श्रीमती द्रोपती कृष्णा को निगम में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया। बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे निगम परिवार के 2 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें आज बिदाई दी जा रही है। स्थानांतरण एवं सेवानिवृत्त सर्विस काल का प्रमुख भाग है। उन्होने कहा कि श्री रेखालाल एवं श्रीमती द्रोपती बाई निगम के दो प्रमुख विभाग, मोटर एवं स्वास्थ्य जैसे विभाग में समर्पित भाव से काम किये, इनके समर्पण भाव को नई पीढ़ी को सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्विसकाल में चाहे अधिकारी हो या कर्मचारी अपने दायित्वो का निर्वाहन करने के कारण पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन नही कर पाते। परिवार के किसी भी कार्य को करने में उनके सामने नौकरी आडे आती है। किन्तु आज आप अपने शासकीय दायित्वों से मुक्त हो रहे है, इसलिए अब अपने परिवारिक दायित्वों का बखुबी निर्वाहन करे। उन्होंने कहा कि आप लोगो ने विभाग में सौपे गये कार्यो का लंबे समय तक कुशलता पूर्वक निर्वाहन किए इसके लिए मै आप लोगो को बधाई देता हूँ और अपने परिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करने उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। बिदाई समारोह में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

62वें महाधिवेशन में आदर्श सिंह ठाकुर का किया गया सम्मान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। समाज के सक्रिय एवं मीडिया क्षेत्र के अच्छे कार्य के लिए दिया गया विशेष सम्मान समाज के कार्य में महत्व भूमिका निभा रहे. आदर्श सिहं का किया सम्मान में महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस के साथ महासभा पदाधिकारी सम्मानित पदाधिकारी द्वारा सम्मान दिया गया समाज के प्रमुख गुण एवं मित्रगण सम्मान में उन्हें बधाई प्रेषित किया।

8 अप्रैल बुधवार को नगर निगम की सामान्य सभा, 7 विषयों पर होगी चर्चा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक 8 अप्रैल 2026 बुधवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहुत की गई है। बैठक में 7 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक के प्रारंभ में लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एंव अनुमोदन किये जाने के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। अध्यक्ष श्री वर्मा ने आगे बताया कि विषय कं. 5 में नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनांतर्गत 2000 सीटर आडिटोरियम निर्माण के लिए प्राप्त न्युनतम दर एवं विषय क्रं. 6 में गंज चौक से कन्हारपुरी परिवर्तित स्थल चिखली ओव्हर ब्रिज के नीचे से गठुला नाला शहर सीमा तक सड़क चौडीकरण एवं उन्नयन कार्य हेतु आहुत निविदा मे प्राप्त न्युनतम दर की स्वीकृति के लिए चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा।

धर्म समाचार....

6 अप्रैल से शुक्र का भरणी नक्षत्र में गोचर, इन 3 राशियों पर बरसेगा प्यार और अपार पैसा

ज्योतिष शास्त्र में शुक्रदेव को सुख-समृद्धि, प्रेम और ऐश्वर्य का प्रतीक माना जाता है। जब भी शुक्रदेव अपना नक्षत्र बदलते हैं, तो हमारी भावनाओं और सुख-सुविधाओं की चाहत में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। इसी क्रम में, 6 अप्रैल से 16 अप्रैल 2026 तक शुक्रदेव मेष राशि के भरणी नक्षत्र में गोचर करने जा रहे हैं। खास बात यह है कि भरणी नक्षत्र के स्वामी स्वयं शुक्रदेव हैं और इसके अधिपति देवता 'यम' हैं, जो जीवन में बड़े बदलाव और कर्मों के संतुलन को दर्शाते हैं। देखा जाए तो, इस दौरान प्रेम संबंधों में एक अलग ही गहराई और जुनून देखने को मिलेगा, हालांकि यह समय रिश्तों की मजबूती और ईमानदारी को परखने का भी है।

आर्थिक नजरिए से आमदनी के नए रास्ते तो खुलेंगे, लेकिन बरकत बनाए रखने के लिए आपको अपने खर्चों पर लगाम लगानी होगी। कुल मिलाकर, भरणी नक्षत्र का यह गोचर हमें सिखाएगा कि कैसे सुख-सुविधाओं का आनंद लेते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभाया जाए और जीवन में सही फैसले लिए जाएं।

मेष राशि - प्रेम: आपकी राशि के पहले भाव में शुक्रदेव का भरणी नक्षत्र में आना आपके आकर्षण को काफी बढ़ा देगा। प्यार के मामले में आप बहुत उत्साहित रहेंगे, लेकिन ध्यान रहे कि भरणी की ऊर्जा स्वभाव में थोड़ी जिद भी ला सकती है। जुनून तो खूब रहेगा, पर अपने पार्टनर के साथ अहंकार न टकराने दें। रिश्तों में हुक्म चलाने के बजाय तालमेल बिठाना इस समय आपके लिए ज्यादा जरूरी है।

धन: पैसों के मामले में भरणी नक्षत्र आपकी सुख-सुविधाओं और शौक पर खर्च करने की इच्छा को बढ़ा सकता है। कमाई के नए मौके तो मिलेंगे, पर किसी बड़े निवेश में जल्दबाजी न दिखाएं। अभी छोटे-मोटे खर्चों के पीछे भागने के बजाय भविष्य की किसी बड़ी योजना पर पैसा बचाना आपके लिए ज्यादा समझदारी होगी।

वृषभ राशि- प्रेम: आपकी राशि के स्वामी शुक्रदेव भरणी नक्षत्र के जरिए आपके बारहवें भाव से गुजर रहे हैं। यह नक्षत्र आपके प्रेम जीवन में एक तरह की गहराई और गोपनीयता लेकर आएगा। मुमकिन है कि आप अपने रिश्तों को लेकर थोड़े अंतर्मुखी हो जाएं। मन में कोई ऐसा खास आकर्षण पैदा हो सकता है जिसे आप अभी दुनिया की नजरों से बचाकर रखना चाहें।

धन: खर्चों पर लगाम लगाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है क्योंकि भरणी नक्षत्र की ऊर्जा विलासिता या यात्रा पर खर्च बढ़ा सकती है। आर्थिक अनुशासन बनाए रखना इस समय बहुत जरूरी है, वरना बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी। यह समय बाहरी चमक-धमक के बजाय मन की शांति पर ध्यान देने के लिए ज्यादा बेहतर है।

मिथुन राशि - प्रेम: शुक्रदेव आपके ग्यारहवें भाव में भरणी नक्षत्र से गोचर कर रहे हैं, जो लाभ और मेलजोल का स्थान है। भरणी का प्रभाव आपके सामाजिक दायरे को बढ़ाएगा और दोस्तों के जरिए किसी खास इंसान से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप लोगों के बीच काफी सक्रिय रहेंगे और यह घुलना-मिलना आपको सुकून देगा। धन: आर्थिक नजरिए से भरणी नक्षत्र का यह गोचर आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है या कार्यक्षेत्र में कोई अच्छा बोनस मिल जाए। कमाई के नए रास्ते खुलेंगे, बस अपनी आर्थिक मजबूती के लिए दूसरों पर बहुत ज्यादा भरोसा करने से बचें।

जब तक पिता जीवित हैं, भूलकर भी न करें ये काम, जानें क्या कहता है गरुड़ पुराण

हिंदू धर्म और हमारे प्राचीन शास्त्रों में पिता का स्थान बहुत ऊंचा माना गया है। 'गरुड़ पुराण' जैसे ग्रंथों में तो यहां तक कहा गया है कि जब तक पिता जीवित हैं, वे ही आपके लिए साक्षात देवता हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर तरक्की की सीढ़ी चढ़ते हुए यह भूल जाते हैं कि हमारी जड़ें हमारे पिता ही हैं। गरुड़ पुराण और धर्मग्रंथों के अनुसार, कुछ ऐसे काम हैं जिन्हें एक पुत्र को तब तक नहीं करना चाहिए जब तक उसके पिता का आशीर्वाद उसके सिर पर है। आइए जानते हैं वो 5 बातें जो हमें मर्यादा में रहना सिखाती हैं:

1. पिता के रहते न बनें घर के मुखिया- अक्सर देखा जाता है कि बेटा जब कमाने लगता है, तो वह घर के फैसले खुद लेने लगता है। लेकिन, संस्कार यह कहते हैं कि जब तक पिता जीवित हैं, घर के 'मुखिया' का पद उन्हीं का रहना चाहिए। भले ही आप घर का सारा खर्च उठा रहे हों, लेकिन महत्वपूर्ण निर्णयों में उनकी राय और उनकी प्रधानता बनी रहनी चाहिए। यह उनके आत्मसम्मान के लिए बहुत जरूरी है।

2. पितृकर्म खुद से नहीं करना- गरुड़ पुराण में स्पष्ट निर्देश है कि जिसके पिता जीवित हैं, उस पुत्र को मुख्य रूप से तर्पण, पिंडदान या श्राद्ध जैसे 'पितृकर्म' नहीं करने चाहिए। पिता ही वह कड़ी हैं जो अपने पूर्वजों को जल और अन्न देने के अधिकारी हैं। उनके रहते पुत्र द्वारा किया गया ऐसा कार्य शास्त्र सम्मत नहीं माना जाता, जब तक कि पिता स्वयं ऐसा करने की आज्ञा न दें।

3. दान में पिता का नाम प्राथमिक रखना- जब भी आप किसी मंदिर में या जरूरतमंद को दान देते हैं, तो 'संकल्प' में पिता का नाम आगे रखें। शास्त्रों के अनुसार, पिता के नाम से किया गया दान पुत्र के कुल को सात पीढ़ियों तक लाभ पहुंचाता है।

4. सामाजिक आयोजनों में नाम का क्रम- शादी-ब्याह या किसी भी सामाजिक उत्सव के निमंत्रण पत्र पर अपना नाम पिता से ऊपर या पहले न लिखवाएं। यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि शिष्टाचार है। समाज में पिता की पहचान से ही पुत्र की पहचान होनी चाहिए, न कि इसका उल्टा।

nandgaon times april-04-3.qxd 4/3/2026 11:56 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की उमड़ी भीड़

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की भारी भीड़ लगी रही। लगातार तीन दिन तक चलने वाले लोक मंडई में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त नामी, और नवोदित कलाकारों ने विशाल मंच में अपनी अपनी, अलग अलग प्रतुति देकर आए हुए हजारों दर्शकों का मनोरंजन किया, कार्यक्रम देखने आए हुए हजारों दर्शकों ने कार्यक्रम को शुरू से लेकर आखिरी तक देखकर आनंद उठाया, जो शुरू में बैठा वो आखिरी तक बैठा ही रहा। लोक मंडई कार्यक्रम को देखने चारों दिशाओं से हजारों लोगों का आना जाना लगा रहा, सड़कों में भीड़ का रेला लगा हुआ था, जैसे तैसे लोगों को कार्यक्रम स्थल में जल्दी से पहुंच कर कार्यक्रम का आनंद लेना था। लोक मंडई कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का, सभी कलाकारों का शाल श्रीफल स्मृति चिह्न मोमेंटो आदि देकर सम्मानित किया गया।विधायक दलेश्वर साहू ने पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।राजनांदगांव सी एस पी को सम्मानित किया गया तीन दिवसीय लोक मंडई कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों में मुख्य रूप से अनुज शर्मा विशेष अतिथि कलाकार, तरुणा साहू पंडवानी, रिंकी देवांगन एवं दुष्यंत हरमुख लोक गायन, आरु साहू लोक गायन, सोहिल रंगारी लोक गायन, दुकालू यादव जस भजन गायन, शेख अमीन लोक गायन, छाया चंद्राकर लोक गायन, शैलेश साव ,कन्हैया साहू ,सुबोध पटेल, हास्य प्रहसन,पंथी नृत्य नाथू नवागांव ,राजेश सिन्हा जस गायन, कंचन जोशी लोक गायन, पंडित विवेक शर्मा लोक गायन, हेमलाल कौशल एवं नवीन देशमुख नाचा गम्मत, चंपा निषाद लोक गायन, सुनील सोनी लोक गायन, उर्वशी साहू एवं उपासना वैष्णव हास्य प्रहसन ,हिमानी वासनिक भरथरी ,सुनील सिहोरे जस गायन ,मिथिलेश्वरी सेन लोक गायन, दिनेश वर्मा ,खिलेश यादव लोक गायन, संजय सुरीला लोक गायन ,शशि लता लोक गायन, अनुराग शर्मा लोक गायन ,अलका चंद्राकर परगनिहा लोक गायन, पप्पू चंद्राकर एवं घेवर यादव हास्य प्रहसन, सहित मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने भी लोक गीत प्रस्तुत किए, ख्याति प्राप्त भागवताचार्य, जस गायक, पंथी गायक, कथावाचक युवराज पांडे ने लोक मंडई के अंतिम दिन भगवान जगन्नाथ से जुड़ी हुई जानकारी दी गई, कथा सुनाई गई, और अंत में उन्होंने जस और पचरा गायन किया उस समय लोगों की भारी भीड़ लोक मंडई स्थल में मौजूद रही और कार्यक्रम का आनंद उठाया। तीन दिन की कार्यक्रम के अतिथियों में मुख्य रूप से धनेश पाटिला पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, भोलाराम साहू खुज्जी विधायक, हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़, मधुसूदन यादव महापौर राजनांदगांव, किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव, महेंद्र यादव सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, सरिता मदन साहू सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव, किरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, जागृति चुन्नी यदु सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, भुनेश्वरी रोहित साहू सरपंच तुमड़ीबोड़, रंजीता पडौती अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव, विभा साहू सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, जागेश्वर यादव मंडल अध्यक्ष है तुमड़ीबोड़ आदि शामिल हुए। लोक मंडई आयोजन समिति तुमड़ीबोड़ के संरक्षक डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ,संयोजक गुलाब वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी तिलक राजा, संरक्षक मंडल सुरेश जैन, डॉ विद्याविलास श्रीवास्तव,उदे राम पटेल ,खेलू राम साहू, सहित सदस्य गणों में टाइगर क्लब और व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन, सरपंच भुनेश्वरी रोहित साहू, ग्राम पटेल अमरोतन साहू,साहू धरम जैन, लीलाधर साहू (लीलू), आकाश जैन, राकेश शर्मा, पीतांबर साहू, टीकम पटेल, तुलसी साहू, भेखदास साहू ,जयराम साहू, राजेश साहू, प्रभात साहू,सुदर्शन साहू, सहित टाइगर क्लब, व्यापारी संगठन, भगत युवा संगठन सहित तुमडीबोड के तमाम संगठन के पुरुष एवं महिला सदस्यों, ग्राम वासियों का और विद्युत मंडल का विशेष रूप से सहयोग रहा। लोक मंडई में अलग अलग विभागों, संस्थाओं के बहुत सारे स्टॉल लगाए गए थे जिसका लोगों ने अवलोकन किया, मीनाबाजार में छोटे बड़े सभी ने अलग अलग झूले का आनंद लिया, खाने पीने के दूकान सहित सभी प्रकार के दूकान मैदान में लगाए गए थे, जिसमें भारी भीड़ देखी गई और जमकर खरीददारी की गई, दूकान लगाने वालों को फ्री में दूकान लगाने के लिए जगह दिया गया था क्योंकि विधायक जी का सख्त आदेश था कि किसी भी दुकानदार से पैसा न लिया जाए, इस बात के लिए दुकानदारों ने खुशी जाहिर की। लोक मंडई कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विधायक दलेश्वर साहू, संयोजक गुलाब वर्मा, आयोजन समिति ने सभी लोगों का आभार जताया है।

विहिप के सदस्यों ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। हनुमान जन्मोत्सव के पर्व पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल अंबागढ़ चौकी के सदस्यों द्वारा भगत सिंह

चौक अंबागढ़ चौकी के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन हनुमान चालीसा हनुमान जी की आरती श्रीराम जी की आरती भारत माता की आरती और नारे के साथ बड़े हर्ष उल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही सदस्यों द्वारा महाप्रसाद भक्तों में वितरण किया । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर प्रखंड संयोजक मिथिल मंडावी, सहसंयोजक रूपेश श्रीवास्तव, सदस्य विनीत सारथी, विजय सारथी खिलेश तिवारी, उत्तम गिरी गोस्वामी आकाश सारथी, अमित पटेल सहित वार्ड के गणमान्यजन उपस्थित थे।

सांकरीपार में 3 अप्रैल से 5 दिवसीय महायज्ञ व हनुमान कथा प्रारंभ

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। पंडित तेजेशवरा नंद महराज व बाल व्यास तिलेन्द महाराज राका डोंगरगढ़ के द्वारा मारुति महायज्ञ एवं श्री हनुमान कथा 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पांच दिवसीय कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा स्थल सांकरीपार में समस्त ग्रामवासी सांकरीपार (रुदगाँव) के सहयोग से आयोजन किया गया है । आयोजन समिति के अध्यक्ष रेशम साहू और कुलेश्वर निषाद ने बताया कि श्री हनुमंत सेवा संस्थान, माँ बम्लेश्वरी धाम, बधियाटोला-डोंगरगढ़ संस्थान के उद्देश्य,गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह कराना, गौ माता सेवा हॉस्पिटल संचालित करना । असहाय परिवार का सहयोग करना, समाज कल्याण हेतु लोगो को जागरूक करना, प्राकृतिक आपदा से लोगो की मदद करना, सनातन संस्कृति रक्षा हेतु धार्मिक अनुष्ठान करना है । महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से किया गया । महायज्ञ और हनुमान कथा का समापन 7 अप्रैल को होगा।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी,
स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

गायत्री मंत्र में प्राणों का विकास और उद्धार करने *वाली शक्ति है

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम हडगहन में चार दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा हुई। प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई । वरुण देव एवं ग्राम के देव शक्तियों को यज्ञ में आमंत्रित किया गया। द्वितीय दिवस कथा के मुख्य वक्ता जयप्रकाश सिन्हा ने प्रज्ञा पुराण की उत्पत्ति एवं उद्देश्यों के बारे में बताया, जब जीवन में प्रज्ञा की उत्पत्ति होती है तो मनुष्य का चिंतन एवं विचार सकारात्मक हो जाता है। तृतीय दिवस यज्ञ संस्कार एवं दीप यज्ञ संपन्न हुआ। आचार्य ने बताया कि गायत्री साधना कामधेनु , कल्पवृक्ष, एवं पारस के समान मनोवांछित फल प्रदान करने वाली शक्ति है। यज्ञ का संचालन आचार्य श्री सिन्हा के नेतृत्व में निरपा राम चौहान, तेजराम साहू, हेमंत निषाद एवं नीलिमा सिन्हा ने किया। सी आर गौतम के मार्गदर्शन में समिति अध्यक्ष वेद लाल देवांगन ,आत्माराम गौतम ,तुकाराम ठाकुर ,मायाराम ठाकुर, अमृतलाल भंडारी, मंगल चौहान घनाराम साहू ,मयाराम साहू, ईश्वरलाल साहू,अशोक साहू, खिलावन पटेल तुलेश्वर साहू आदि का सहयोग रहा। अंतिम दिवस यज्ञ एवं कई संस्कार संपन्न हुए।

आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी का संदेश देते हुए 8 माताओं का पुंसवन संस्कार,अन्न प्राशन एवं 25 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया गया ।12 भाई बहनों ने गुरु दीक्षा ग्रहण की।

ग्रामे ग्रामे एवं गृहे गृहे यज्ञ

गायत्री परिवार के ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू ने कहा अपने बच्चों को पाश्चात्य संस्कृति से बचने एवं संस्कार वान पीढ़ी तैयार करने किसी न किसी बहाने प्रत्येक गांव एवं प्रत्येक घरों में गायत्री यज्ञ करने पर बल दिया ।कार्यक्रम में सूरे गांव ,परसाडीह,अर्जुंदा ,झिटिया, देवरी,पसौद परसाटोला , लोहारा एवं बोरगहन आदि गांव के परिजन शामिल हुए।

अंजोरा पंचायत मे शासकीय घास भूमि के अवैध आबंटन का आरोप

सरपंच-उपसरपंच के खिलाफ हुई शिकायत

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत अंजोरा, तहसील राजनांदगाँव में शासकीय घास भूमि के कथित अवैध आबंटन का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम के पंचों एवं ग्रामीणों द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर जांच एवं कार्यवाही की मांग की गई है। शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत अंजोरा के सरपंच तोरनलाल धुर्वे एवं उपसरपंच डोमन लाल साहू द्वारा बिना ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के शासकीय भूमि खसरा नंबर 572/1 (वर्तमान में 572/जेड ऑनलाइन दर्ज) का अवैध रूप से आबंटन किया गया है। उक्त भूमि राजस्व अभिलेख में घास/घाट मद की शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है, जिसे नियमों के विरुद्ध निजी आवास हेतु बांट दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच एवं उपसरपंच ने आपसी सांठगांठ कर दो व्यक्तियों से मोटी रकम लेकर इस भूमि का आबंटन किया है। इसमें से एक हितग्राही वर्तमान में ग्राम पंचायत अंजोरा का पंच भी बताया जा रहा है, जिससे मामले में पक्षपात और अनियमितता के आरोप और गंभीर हो गए हैं। बताया गया है कि उक्त भूमि के सामने राजीव गांधी सामुदायिक भवन स्थित है, जहां गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे में यदि इस भूमि पर आवास निर्माण होता है, तो सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में मांग की है कि उक्त शासकीय घास भूमि के आवंटन पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी सरपंच एवं उपसरपंच के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

हनुमान मंदिरों में रही भक्तों की भीड़, मंदिरों में गूंजा हनुमान चालिसा एवं जय श्री राम का नारा, नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। पूरे नगर में धार्मिक उत्सव का माहौल देखने को मिला। नगर के दक्षिणमुखी संकटमोचक हनुमान मंदिर किल्लापारा डोंगरगांव के अलावा अन्य हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन तथा महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें धर्मप्रेमी,भक्तजनों,श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर के विभिन्न वार्डो में से हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह ऐतिहासिक प्रभात फेरी निकाली गई। नगर में जगह जगह फूलों की वर्षा और शरबत पानी, आइस्क्रीम, और पोहा वितरण किया गया,दोपहर में हनुमान मंदिर में रामायण पाठ के बाद शाम को विशाल भंडारा तथा भजन संध्या का आयोजन किया गया। स्थानीय आरक्षी केन्द्र में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, बिजली ऑफिस के पास स्थित बजरंग बली मंदिर , मटिया , करियाटोला, सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। नगर में श्री हनुमान जन्म उत्सव समिति के तत्वावधान् में नगरवासियों के सहयोग से सुबह स्वयं प्रकाट्य दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या धर्मप्रेमी भक्तजनों श्रद्धालुओं शामिल हुए। प्रभात फेरी में परंपरागत रूप से निशान तथा पवनसुत बजरंग बली के खड़ाऊ के साथ रामदरबार लोगों के आकर्षक का केन्द्र रहा। पहली बार इस यात्रा में अयोध्या में विराजमान भगवान श्रीराम लला के विशाल चित्र की भी झांकी निकाली गई। इसके अलावा प्रभातफेरी में परंपरागत रामसीता बाल हनुमान की झांकी, मांदरी आदिवासी नृत्य, राऊत नाचा तथा राजनांदगांव से आये हरि सत्सग भजन मंडली तथा बैंड पार्टी का कार्यक्रम लोगों के बीच आकर्षक का केन्द्र रहा। प्रभात फेरी में अधिकांश भक्त युवा, महिलाएं व युवतियां डीजे में बज रहे भक्ति संगीत में भी झूमते रहे। ठाकुर जुगलकिशोर जमात मंदिर से प्रारंभ होकर प्रभात फेरी सदर लाईन, फौव्वारा चौक, श्रीराम द्वार चौक, पुराना बस स्टैण्ड, पुराना थाना रोड, किल्लापारा होते हुए हनुमान मंदिर पहुंचकर विसर्जित हुई। इस दौरान पूरे नगर भर प्रभात फेरी में शामिल लोगों का जगह जगह विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं अनेक जगहों पर शर्बत, हलवा, गुड़, चना, शीतल पेय वितरण की व्यवस्था की गई थी।

विशाल भंडारा, 5 हजार लोगों ने किया प्रसादी ग्रहण

सायं हवन पूर्णाहूति के बाद हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सहित अंचल के लगभग 5 हजार लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था का प्रबंध किया गया था, जिससे श्रद्धालुजनों ने सुगमतापूर्वक महाप्रसादी का आनंद लिया। साथ ही मंदिर प्रागंण में शाम 7.30 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें अंचल के प्रसिद्ध भजन गायक देवेन्द्र गोस्वामी ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

देर रात तक गांवों में पूजन का चला दौर

अंजनीपुत्र बजरंग बली के जन्म उत्सव के अवसर पर आज गांव - गांव में भक्तिपूर्ण माहौल रहा। प्रत्येक गांव में सुबह से ही हनुमान मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही मंदिरों व देवालयों में हनुमान चालिसा तथा भक्ति संगीत गूंजता रहा। अनेक गांवों में मंदिर समिति के सहयोग से भोजन भंडारा का भी आयोजन किया गया। वहीं कुछ ग्रामों में सुबह बाजे गाजे के साथ प्रभात फेरी भी निकाली गई।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com